No. of Printed Pages : 2 Roll No. ....

AA–1019

(001) B.A. Part-I (One) (Regular)

Term End Examination, 2021-22

(Hindi Literature)

(Paper-II)

Time : 3 hrs.] **[Maximum Marks : 75**

नोट – *सभी प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

[इकाई–I]

1. संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : **3×10=30**

(क) रुदन में कितना उल्लास, कितनी शांति, कितना बल है। जो कभी एकांत में बैठकर किसी की स्मृति, किसी के वियोग में सिसक-सिसक और बिलख-बिलखकर नहीं रोया, वह जीवन के ऐसे सुख से वंचित हैं जिस पर सैकड़ों हँसियाँ न्यौछाकर है। उस मीठी वेदना का आनंद उन्हीं से पूछो, जिन्होंने यह सौभाग्य प्राप्त किया है।

अथवा

मैं ईश्वर को नहीं मानता, मैं पाप को नहीं मानता, मैं दया को नहीं समझ सकता, मैं उस लोक में विश्वास नहीं करता। पर मुझे अपने हृदय में एक दुर्बल अंश पर श्रद्धा हो चली है। तुम न जाने कैसे एक बहकी हुई तारिका के समान मेरे शून्य में उदित हो गई हो। आलोक की एक कोमल रेखा पर निलिड़ तम में मुस्कराने लगी।

(ख) चोरी से ज्यादा फिक्र थी आबरू की। किबाड़ न रहने से पर्दा ही आबरू का रखवाला था। वह पर्दा भी तार-तार होते-होते एक आँधी में किसी भी हालत में लटकने लायक न रह गया। दूसरे दिन घर की एकमात्र पुश्तैनी चीज दरी दरवाजे पर लटक गई।

अथवा

अब नहीं ! कान पकड़ता हूँ अब नहीं। मोहरछाप वाली धोती लेकर मैं क्या करूँगा। कौन पहनेगा? ससुरी खुद मरी, बेटे-बेटियों को ले गई अपने साथ। बाबूजी, मेरी घरवाली जिन्दा रहती तो मैं एसी दुर्दशा भोगता? यह शीतल पाटी उसी की बनी हुई है। इस शीतल पाटी को छूकर कहता हूँ, अब यह काम नहीं करूँगा। गाँव भर में तुम्हारी हवेली में मेरी कदर होती थी। अब क्या ? ''मैं चुपपाच वापस लौट आया।'' समझ गया, कलाकार के दिल में ठेस लगी है। वह नहीं जा सकता।

(ग) गनी ने कुएँ की सिल पर बैठकर कहा, ''देख रक्खे पहलवान'', क्या से क्या हो गया है? भरा-पूरा घर छोड़कर गया था और आज यहाँ यह मिट्टी छोड़कर भी जाने को मन नहीं करता और उसकी उसकी आँखें फिर छलछला आयी।

अथवा

जगहँसाईं से मैं नहीं डरती, देवर! जब मैं चौदह की थी, तब तेरा भैया मुझे गाँव में देख गया था। तू उसके साथ तेल पिया लट्ठ लेकर मुझे लेने आया था न, तब मैं आई थी कि नहीं? तू सोचता होगा कि गदल की उमर गई, अब उसे खसम की क्या जरूरत है ?

[इकाई–II]

2. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास का मूल्यांकन कीजिए। **10**

अथवा

'गबन' उपन्यास के आधार पर रामनाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

[इकाई–III]

3. हिन्दी कहानी के विकास के इतिहास को लिखिए। **10**

अथवा

हिन्दी उपन्यास का विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए।

अथवा

''बिरादरी बाहर'' कहानी का कथा वस्तु पर प्रकाश डालिए।

[इकाई–IV]

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन लघुउत्तरीय प्रश्न हल कीजिए: **15**

(क) उपेन्द्रनाथ अश्य की कहानियों की तीन विशेषताएँ ।

(ख) बालशौरि रेड्डी की प्रमुख कहानियाँ।

(ग) शिवानी की कहानियों का वर्ण्य विषय।

(घ) उपन्यास के तत्व।

(ङ) महिला कहानीकार।

[इकाई–V]

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

(1) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ हैं ?

(2) 'गबन' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(3) 'माघव' किस कहानी के पात्र हैं ?

(4) आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित आँचलिक कहानी का नाम बताइए।

(5) हिन्दी की प्रथम कहानी किसे कहा जाता है ?

(6) 'अश्क' का पूरा नाम लिखिए।

(7) प्रेमचन्द जयन्ती किस तारीख को मनाई जाती है।

(8) ''मैला आँचल'' उपन्यास के लेखक का नाम बताइए।

(9) गदल के बेटे का नाम बताइए।

(10) शीतलपाटी का सम्बन्ध किस कहानी से है ?

(11) 'गबन' उपन्यास की नायिका का नाम लिखिए।

(12) कफन कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(13) 'आकाशदीप' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।